# मंडल से 49 हजार करोड़ के निवेश के मिले प्रस्ताव

## इन्वेस्टर समिट के तहत अगले माह या दिसंबर में होगा शिलान्यास समारोह

ज्ञान बिहारी मिश्र

लखनऊ। इन्वेस्टर समिट के तहत शिलान्यास समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। इस दौरान भी निवेशक एमओयू साइन करेंगे। लखनऊ मंडल में ही करीब 677 एमओयू का प्रस्ताव रखा है। इसमें 49.333 हजार करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित किया गया है। मंडल के छह जिलों में सबसे ज्यादा निवेश लखनऊ में हो रहा है। निवेशकों की पहली पसंद एमएसएमई और आवास विभाग हैं। आवास विभाग में सर्वाधिक 14200 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव है।

मंडलायुक्त ने शुक्रवार को उद्योग बंधु की बैठक की थी। इस दौरान उद्योगपतियों के निवेश को लेकर मंथन किया गया। इसमें लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर के उद्योगपति मौजूद रहे। एमएसएमई विभाग में लखनऊ में 53, उन्नाव में 11, रायबरेली में 90, सीतापुर में 39, हरदोई में 35 और लखीमपुर में 10 एमओयू प्रस्तावित हैं। इसमें तीन हजार करोड़ से अधिक की रकम निवेश होगी। आवास विभाग में 103 एमओयू प्रस्तावित हैं।

### छह जिलों के उद्योगपतियों ने 677 एमओयू का रखा प्रस्ताव

### सबसे ज्यादा एमएसएमई और आवास विभाग में निवेश

| जिला | एमओयू | रकम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 238 | 34,400 करोड़ |
| उन्नाव | 45 | 4400 करोड़ |
| रायबरेली | 182 | 3900 करोड़ |
| सीतापुर | 90 | 2850 करोड़ |
| हरदोई | 81 | 2490 करोड़ |
| लखीमपुर | 41 | 1050 करोड़ |

### लगातार बढ़ रही निवेशकों की संख्या

शिलान्यास समारोह नवंबर या फिर दिसंबर में होने की संभावना है। लखनऊ मंडल में अभी भी निवेशक प्रशासन से लगातार संपर्क कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि निवेशकों की संख्या और रकम में बढ़ोतरी होगी। उद्योग बंधु निवेश में रूचि दिखा रहे हैं। कुछ बिंदुओं पर उद्योगपतियों से बात जारी है।

### इन विभागों में भी निवेश

निवेशकों ने वन विभाग, स्वास्थ्य, रेशम उत्पाद, पर्यटन, कोऑपरेटिव, यूपीएसआईडीसी, पशुपालन व टेक्निकल एजूकेशन में भी निवेश का प्रस्ताव दिया है। मंडल में कुल 31 विभागों की सूची तैयार की गई है। कई ऐसे विभाग हैं, जिनमें सिर्फ एक एमओयू का प्रस्ताव है। इनमें कृषि, परिवहन, आईटी एंड ईलेक्ट्रानिक्स, यमुना एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट शामिल हैं। यही नहीं, नवीनीकरण ऊर्जा में अभी कोई निवेशक नहीं मिला है। इसके अलावा सूचना, मछली पालन में दो-दो और हैंडलूम एंड टेक्सटाईल व अर्बन डेवलपमेंट में तीन-तीन एमओयू प्रस्तावित हैं।

### फरवरी में आए थे 33.50 लाख करोड़ के प्रस्ताव

फरवरी 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में यूपी में करीब 33.50 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। तब कुल 19,058 एमओयू तीन दिन में हुए थे। इससे 93.82 लाख रोजगार का रास्ता तैयार हुआ। समिट में प्रदेश में सबसे ज्यादा गौतमबुद्धनगर में निवेश आए। इसके बाद आगरा, लखनऊ, गोरखपुर, और वाराणसी निवेशकों की पसंद रहे।